

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

एनएचपीसी NHPC

5 दिसंबर, 2022

***प्रिय साथियो,***

हमने 07 नवंबर, 2022 को एनएचपीसी का 48वां स्थापना दिवस मनाया, यह वास्तव में हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात थी। निगम मुख्यालय में एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी की गरिमामई उपस्थिति का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ। सचिव (विद्युत), विशेष सचिव, अपर सचिवों, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने उपस्थित होकर इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

माननीय मंत्री जी ने आर्थिक विकास और समाज में सर्वांगीण विकास लाने में जलविद्युत परियोजनाओं की भूमिका को स्वीकार किया। माननीय मंत्री जी ने सभी एनएचपीसी कर्मियों को तेजी से कार्य और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि एनएचपीसी अगले कुछ वर्षों में अपनी वर्तमान क्षमता को तीन गुना करने की योजना बना रही है। उन्होंने भविष्य में एनएचपीसी द्वारा किए जाने वाले सभी प्रयासों के लिए विद्युत मंत्रालय से पूरा समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने भी जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इस बात का भी उल्लेख किया कि एनएचपीसी भारत के विद्युत क्षेत्र और राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा एनएचपीसी के सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण क्लबों का भी शुभारंभ किया गया। क्लब का उद्देश्य देश भर के विभिन्न स्कूलों में लगभग दस हजार सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण क्लबों की स्थापना करके अगली पीढ़ी को स्वस्थ जीवन के बारे में शिक्षित करना है।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि वित्त वर्ष 2022-23 में, हमने अब तक का सर्वाधिक कर पश्चात छमाही एकल लाभ 2483 करोड़ रुपए दर्ज किया है जबकि पिछली छमाही में यह 2217 करोड़ रुपए था।

अपनी निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, माह के दौरान विभिन्न निर्माण कार्य स्थलों में विभिन्न महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गईं। सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (2000 मेगावाट) के इंटेक स्ट्रक्चर नंबर 5 और इंटेक स्ट्रक्चर नंबर 7 के सिविल कार्य क्रमशः 21 नवंबर, 2022 और 24 नवंबर, 2022 को पूरे किए गए है।

रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (120 मेगावाट) ने चुनौतियों/ प्रतिकूल भूवैज्ञानिक परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद 18 नवंबर, 2022 को 695 मीटर एचआरटी उत्खनन किया है और शेष उत्खनन अब 2 किलोमीटर से कम है। परियोजना के स्टील लाइन्ड सर्ज शाफ्ट की बैकफिल कंक्रीटिंग भी 18 नवंबर, 2022 को शुरू कर दी गई है। परियोजना के ब्लॉक 5 (स्पिलवे बे 3) के ट्रूनियन बीम की कंक्रीटिंग भी 16 नवंबर, 2022 को शुरू कर दी गई है।

तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना (500 मेगावाट) में माह के दौरान जेनरेटर बैरल में स्टेटर और रोटर (325टी) को क्रमशः 12 और 18 नवंबर, 2022 को सफलतापूर्वक उतारने के साथ यूनिट-1 की महत्वपूर्ण ई एंड एम गतिविधियों को पूरा किया गया है।

नेपाल में अपनी विकासात्मक पहल की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, एनएचपीसी ने वेस्ट सेती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (750 मेगावाट) के लिए सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य शुरू कर दिया है। एनएचपीसी के अधिकारियों की एक टीम ने परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए आवश्यक विभिन्न विकल्पों और अन्य अन्वेषण को अंतिम रूप देने के लिए साइट का दौरा किया।

एनएचपीसी ने श्री जे.डी. वर्मा, त्रिपुरा के माननीय उपमुख्यमंत्री व अध्यक्ष, एनईआरपीसी एवं श्री. पी. त्यनसोंग, माननीय उपमुख्यमंत्री, मेघालय की गरिमामयी उपस्थिति में, 18 और 19 नवंबर, 2022 को गोवा में उत्तर पूर्वी क्षेत्र की 23वीं टीसीसी और एनईआरपीसी बैठक की सफलतापूर्वक मेजबानी की।

ओडिशा में अपने विकास को और अधिक विस्तारित करने के लिए, मैंने 14 नवंबर, 2022 को भुवनेश्वर में श्री सुरेश चंद्र महापात्रा, मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार, श्री निकुंज बिहारी ढाल, मुख्य सचिव-ऊर्जा, ओडिशा सरकार और श्री बिष्णुपदा सेठी, सीएमडी-जीईडीसीओएल व अध्यक्ष (ओएचपीसी) से मुलाकात की। बैठकों के दौरान, राज्य में एनएचपीसी द्वारा पंप स्टोरेज परियोजनाओं और फ्लोटिंग सौर संयंत्रों के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

**इस माह की अन्य प्रमुख विशेषताएं हैं:**

- एनएचपीसी ने जलविद्युत, जल संसाधन, भूविज्ञान, भूकंप, नवीकरणीय ऊर्जा आदि सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं के विकास के लिए 25 नवंबर, 2022 को आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- एनएचपीसी ने 16 खेलों अर्थात फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, वॉलीबॉल, ब्रिज, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन और पैरा स्पोर्ट्स के लिए 'होनहार खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप स्कीम' शुरू की है। इस स्कॉलरशिप को देने का उद्देश्य 14 से 19 वर्ष (पैरा खेलों के लिए 14 से 24 वर्ष) के बीच के होनहार युवा खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान खिलाड़ियों का प्रतिभा-पूल बनाने का है।
- सुश्री ममता ए. मट्टा, निदेशक, डीजीए (ऊर्जा) कार्यालय, नई दिल्ली ने वरिष्ठ सीएजी अधिकारियों के साथ 17 नवंबर, 2022 को निगम मुख्यालय का दौरा किया। टीम ने मास्टर कंट्रोल रूम और अनुभव केंद्र का दौरा किया और उन्हें एनएचपीसी की गतिविधियों से अवगत कराया गया।
- एनएचपीसी को एक सुदृढ़ डिजिटल इंडिया और वाइब्रन्ट डेटा सेंटर ईकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना के लिए एक्सप्रेस कंप्यूटर (इंडियन एक्सप्रेस समूह का आईटी व्यवसाय प्रकाशन) द्वारा 'डेटा सेंटर चैंपियन-2022' से सम्मानित किया गया है।
- एनएचपीसी ने नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। विद्युत मंत्रालय के पवेलियन में एनएचपीसी की क्षमताओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। इस पवेलियन का उद्घाटन श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार द्वारा किया गया।
- एनएचपीसी ने 31 अक्टूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक अपने सभी कार्य स्थालों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया, जिसमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- भारत के संविधान को स्वीकार करने का स्मरण करते हुए, एनएचपीसी ने 26 नवंबर, 2022 को अपने सभी कार्य स्थलों में 'संविधान दिवस' मनाया।
- नवंबर, 2022 माह के दौरान राजस्व संग्रह 797.23 करोड़ रुपए और नवंबर, 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 5882.17 करोड़ रुपए रहा।
- नवंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 21267.8 मिलियन यूनिट रहा।

एनएचपीसी की विकास यात्रा के 47 वर्षों में एक कंपनी के रूप में हमने भारत में सबसे बड़े जलविद्युत संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है और हमारे क्षेत्रों के अन्य सभी संगठन की तुलना में हमारे पास अतुलनीय अनुभव और कौशल हैं। हमारी 2000 मेगावाट की सुबानसिरी लोअर जलविद्युत वर्तमान में भारत की सबसे बड़ी निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजना है और हम 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के लिए शीघ्र सीसीईए मंजूरी के लिए आशान्वित हैं जो भारतीय जलविद्युत क्षेत्र के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अपने भावी लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहें।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को क्रिसमस के आनंदमय अवसर पर बधाई देता हूं।

आपका,

**(वाई.के. चौबे)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# From CMD's Desk…

5th December 2022

***Dear Colleague,***

It was indeed a matter of great pride for NHPC as we celebrated our 48th Raising Day on 7th November 2022. We were highly privileged to have Shri R.K. Singh, Hon'ble Union Minister of Power, New and Renewable Energy as Chief Guest during NHPC Raising Day celebrations at Corporate Office. We were also honoured by the presence of Secretary (Power), Special Secretary, Additional Secretaries, Joint Secretary (Hydro) and other senior officials from Ministry of Power, Government of India.

The Hon'ble Minister acknowledged the role of hydropower projects in bringing economic development and all round growth in society. The Hon'ble Minister asked all NHPCians to gear up and work harder as NHPC plans to triple its current capacity over the next few years. He also assured full support from Ministry of Power to NHPC for all its endeavours in the future. Shri Alok Kumar, Secretary (Power), Government of India also appreciated NHPC's efforts in the development of hydropower and point out that NHPC is playing a very important role in India's power sector and nation building.

NHPC's Social Health and Well-being clubs were also launched during NHPC Raising Day celebrations by the Hon'ble Union Minister of Power and New and Renewable Energy. The club aims to educate the next generation about healthy life by establishing around ten thousand social health and well-being clubs in various schools across the country.

You will be delighted to know that in FY 2022-23, we have registered the highest ever half yearly Standalone Profit after Tax (PAT) of Rs. 2483 Crore against Standalone PAT of Rs. 2217 Crore for the corresponding previous half year.

Keeping up with our commitment to complete our construction projects in time, various key achievements were made at different sites during the month. The civil works of Intake Structure No. 5 and Intake Structure No. 7 of Subansiri Lower Hydroelectric Project (2000 MW) were completed on 21st November 2022 and 24th November 2022 respectively.

Rangit-IV HEP (120 MW) despite facing challenges/adverse geological conditions has achieved 695 mtrs HRT excavation on 18th November 2022 and the balance excavation is now less than 2 Kms. The Backfill concreting of steel lined Surge Shaft of the project also started on 18th November 2022. Concreting of Trunnion beam of Block 5 (Spillway bay 3) of the project was also started on 16th November 2022.

Teesta-VI HEP (500 MW) completed important E&M activities of Unit-1 during the month with the successful lowering of Stator and Rotor (325T) in the Generator barrel on 12th and 18th November 2022 respectively.

In a major step towards making our footprints in Nepal, NHPC has started the Survey & Investigation works for West Seti Hydroelectric Project (750 MW). A team of NHPC officials also visited the site for finalizing various alternatives and other investigations required for preparing of Detailed Project Report of the project.

NHPC successfully hosted 23rd TCC & NERPC meeting of North Eastern region at Goa on 18th and 19th November 2022 in the presence of Shri J.D. Varma, Hon'ble Deputy Chief Minister of Tripura & Chairman, NERPC, Sh. P. Tynsong, Hon'ble Deputy Chief Minister, Meghalaya.

In order to further expand our reach in Odisha, I met Shri Suresh Chandra Mohapatra, Chief Secretary, Govt. of Odisha, Shri Nikunja Bihari Dhal, Principal Secretary-Energy, Govt. of Odisha and Shri Bishnupada Sethi, CMD-GEDCOL &

Chairman (OHPC) at Bhubaneshwar on 14th November 2022. During the meetings, the possibilities of pumped storage projects and development of floating solar plants by NHPC in the state were discussed.

**Other Highlights of the month are:**

- NHPC signed an MoA with IIT Delhi on 25th November 2022 for developing capabilities in various fields of Science & Technology including hydro, water resources, geology, earthquake, renewable energy etc.
- NHPC launched "NHPC Sports Scholarship scheme for upcoming sports persons" for 16 games i.e. Football, Kabaddi, Hockey, Boxing, Archery, Athletics, Shooting, Cricket, Swimming, Wrestling, Volleyball, Bridge, Table Tennis, Chess, Badminton and Para sports. These scholarships are aimed to be given to promising young players between the age of 14-19 years (14-24 years for para sports) with a view to encourage their talent and create a talent-pool of sportspersons during their formative years of education.
- Ms. Mamta A. Matta, Director, Office of DGA (Energy), New Delhi alongwith senior CAG Officers visited Corporate Office on 17th November 2022. The team visited Master Control Room & Experience Centre and were apprised of NHPC's activities.
- NHPC has been awarded with "Data Centre Champion-2022" by Express Computer (IT business publication of Indian Express Group) in recognition of NHPC's efforts towards building a strong Digital India & vibrant Data Center Ecosystem.
- NHPC participated in India International Trade Fair at New Delhi. NHPC's capabilities were showcased under Ministry of Power pavilion which was inaugurated by Shri Alok Kumar, Secretary (Power), Government of India.
- NHPC observed Vigilance Awareness Week across all its locations from 31st October 2022 to 6th November 2022 wherein various programs like essay writing, debate, poetry recitation, painting competition etc. were organized.
- NHPC observed 'Constitution Day' across all its locations on 26th November 2022 to commemorate the adoption of the Constitution of India.
- The revenue collection during the month of November 2022 stood at Rs. 797.23 crores and the total cumulative revenue collection up to November 2022 was Rs. 5882.17 crores.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 21267.8 Million Units at the end of November 2022.

In the 47 years of NHPC's journey as a company, we have gained the position of being the largest hydropower organization in India and possess unmatched experience and skill as compared to all the other players in our sectors. Our 2000 MW Subansiri Lower HEP is currently India's largest under construction hydropower project and we are hopeful for early CCEA clearance for 2880 MW Dibang Multipurpose Project which will be the largest ever hydropower project in the history of Indian hydropower sector. Keeping this mind I urge each and every one of you to continue working with full dedication and commitment in order to meet our future targets and goals.

I convey my greetings to you and your family members on the joyous occasion of Christmas.

Sincerely Yours,

**(Y.K. Chaubey)**
**Chairman & Managing Director**